EXPRESSION OF INTEREST

विषयः ग्राम जलपुरा में प्राधिकरण द्वारा संचालित गौशाला में संरक्षित गोवंशों के मल–मूत्र से बनने वाले उत्पादों हेतु Expression of Interest आमंत्रित करने के सम्बन्ध में।

ग्राम जलपुरा स्थित गौशाला में संरक्षित गोवंशों का भरण–पोषण व संचालन का कार्य प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है, जिसमें लगभग 2600 नग गोवंश संरक्षित हैं, जिनसे प्रतिदिन अत्यधिक मात्रा में मल–मूत्र/गोबर उत्सर्जित होता है। जिसके निस्तारण हेतु मल–मूत्र/गोबर से बनने वाले उत्पादों जैसे– उपले, धूपबत्ती, दीप, लकड़ी जैसे लट्ठे इत्यादि से Valuable Product बनाकर उनके विक्रय से होने वाले लाभांश से गौशाला के संचालन में सहयोग राशि के रूप में कितना अंश दिया जायेगा, जिस हेतु Expression of Interest के माध्यम से दिनॉक 15.07.2024 से दिनॉक 22.07.2024 तक इच्छुक संस्था/फर्म/एन0जी0ओ0 आवेदन कर सकती हैं।

उपरोक्त कार्य में प्राधिकरण द्वारा किसी भी प्रकार का वित्तीय सहयोग प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त कार्य में होने वाला सम्पूर्ण व्यय का वहन इच्छुक संस्था/फर्म/एन0जी0ओ0 को स्वयं ही करना होगा। यदि valuable Product हेतु इच्छुक संस्था/फर्म/एन0जी0ओ0 द्वारा प्लान्ट स्थापित किया जाना है, तो प्राधिकरण द्वारा गौशाला परिसर के समीप रिक्त भूमि के खसरा संख्या–164 रकबा 2.40 हैक्टेअर में प्राधिकरण की नीतियों के अनुरूप लीज पर भूमि उपलब्ध करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त आवेदन प्राधिकरण की ई–मेल–health@gnida.in एवं वरिष्ठ प्रबन्धक (स्वास्थ्य), ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, प्लाट नं0–1, नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नौएडा सिटी, जनपद गौतम बुद्धनगर (उ0प्र0)–201310 के पते पर डाक के माध्यम से भेज सकते हैं।

वरिष्ठ प्रबन्धक (स्वास्थ्य)

ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

15/07/2024